हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

12 महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं समतामूलक व संस्कारवान...



12 स्क्वैश अकादमी का राष्ट्रीय स्तर पर शानदार...



खबर संक्षेप

गैस सिलेंडर चुराने के का आरोपी गिरफ्तार

हिसार। आजाद नगर थाना पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भिवानी जिले के सांगरपुर निवासी सौरभ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया गैस सिलेंडर तथा वारदात में इस्तेमाल की गई सफेद रंग की स्कूटी भी बरामद की है। मामले के अनुसार इस संबंध में आजाद नगर की किसान कॉलोनी निवासी अरुण कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि वह कैमरी रोड स्थित दया गैस एजेंसी में गैस सिलेंडर डिलीवरी का काम करता है। गत दिवस वह एजेंसी की गाड़ी लेकर आजाद नगर क्षेत्र में गैस सिलेंडर की डिलीवरी करने आया था। गली नंबर 4 के सामने गाड़ी खड़ी कर जब वह सिलेंडर देने गया, तो इसी दौरान एक स्कूटी सवार युवक गाड़ी से गैस सिलेंडर चोरी करके फरार हो गया। शिकायत पर केस दर्ज करके कार्रवाई करते हुए मुख्य सिपाही जयप्रकाश ने आरोपी सौरभ को गिरफ्तार कर लिया।

लड़ाई-झगड़े के मामले में पीओ गिरफ्तार

हिसार। जिले में उद्घोषित अपराधियों (पीओ) एवं बेल जंपरों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आदमपुर पुलिस ने वर्ष 2021 के लड़ाई-झगड़े के एक मामले में अदालत द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किए गए आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जवाहर नगर लाइन पार निवासी सूरज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ वर्ष 2021 में लड़ाई-झगड़े से संबंधित मामला दर्ज था। मामले की न्यायिक प्रक्रिया के दौरान अदालत में पेश न होने के कारण उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। थाना आदमपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

विंटर शेड्यूल ने यात्रियों की चिंता बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार एयरपोर्ट पर उड़ानों का दायरा बढ़ने की बजाय सिमटा, चंडीगढ़ रूट पर कम हुई सुविधा, जयपुर के जरिए कुल्लू के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट पर जोर

हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर हवाई सेवाओं के विस्तार की उम्मीदों के बीच एलायंस एयर के विंटर शेड्यूल ने यात्रियों की चिंता बढ़ा दी है। उड़ानों का दायरा बढ़ाने की बजाय हिसार-चंडीगढ़ रूट पर फेरों में कटौती की गई है। वहीं, कुल्लू जाने वाले यात्रियों के लिए जयपुर के रास्ते कनेक्टिंग फ्लाइट की व्यवस्था पर जोर दिया गया है। इससे एयरपोर्ट से नियमित हवाई संपर्क की उम्मीद लगाए बैठे स्थानीय यात्रियों और कारोबारियों में नाराजगी है।

दावे और हकीकत

हरियाणा सरकार की ओर से हिसार एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन नए शेड्यूल में उड़ानों के विस्तार की बजाय दूसरे राज्यों के रूटों को प्राथमिकता दिए जाने पर सवाल उठ रहे हैं। खासकर चंडीगढ़ के लिए सीधी उड़ान की सुविधा सीमित होने से यात्रियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।



चंडीगढ़ के लिए सीधी उड़ान की सुविधा सीमित

हिसार से प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ तक हवाई संपर्क बेहतर बनाने के लिए सप्ताह में दो दिन, सोमवार और शुक्रवार को उड़ान संचालित करने की व्यवस्था थी। हालांकि, विंटर शेड्यूल में इस रूट की सुविधा सीमित हो गई है। अब सोमवार को सुबह 10:40 बजे हिसार से चंडीगढ़ के लिए सीधी उड़ान है, जबकि शुक्रवार की उड़ान को अयोध्या रूट के साथ जोड़कर संचालित किया जा रहा है। इससे यात्रियों के लिए सीधी यात्रा की सुविधा और समय की सहूलियत प्रभावित हुई है।

जानें... क्या है नया शेड्यूल

नए शेड्यूल में हिसार से जयपुर के लिए गुरुवार और शनिवार को उड़ान संख्या 9आई860 दोपहर 3:10 बजे रवाना होकर शाम 4:30 बजे पहुंचेगी। इसके बाद यात्री जयपुर में ठहरकर अगली सुबह उड़ान संख्या 9आई805 से कुल्लू जा सकेंगे। यह फ्लाइट सुबह 9:30 बजे जयपुर से उड़ान भरकर 11:10 बजे कुल्लू पहुंचेगी। वापसी में कुल्लू से उड़ान संख्या 9आई806 सुबह 11:35 बजे रवाना होकर दोपहर 1:20 बजे जयपुर पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर 1:45 बजे जयपुर से उड़ान संख्या 9आई859 लेकर यात्री दोपहर 2:45 बजे हिसार लौट सकेंगे। इस व्यवस्था के तहत कुल्लू-मनाली जाने वाले यात्रियों को जयपुर के रास्ते यात्रा करनी होगी।

हरियाणा के हितों की अनदेखी का आरोप

कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने हवाई सेवाओं को लेकर केंद्र सरकार और विमानन कंपनियों पर हरियाणा की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिसार एयरपोर्ट को लेकर जनता के सामने बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन हवाई सेवाओं की मौजूदा स्थिति उन दावों पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने हिसार एयरपोर्ट को एयरोड्रम बताते हुए कहा कि जनता को गुमराह किया गया है। सांसद ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार और एयरलाइन कंपनी के बीच हुए समझौते के तहत कंपनी के घाटे की भरपाई प्रदेश सरकार कर रही है, जबकि सेवाओं का लाभ राजस्थान के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल वोट की राजनीति के लिए हरियाणा की जनता के पैसे को पानी की तरह बहा रही है।

व्यवस्था: त्योहारी सीजन में भीड़ से निपटने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

राजगुरु मार्केट का कपड़ा बाजार वाहन फ्री जोन 1 से 26 नंबर दुकान तक टू व्हीलर्स की नो एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- दिवाली से चार दिन पहले बाजार में चार पहिया वाहनों का प्रवेश भी रहेगा बंद
- दुकानदारों के लिए निर्धारित पार्किंग अनिवार्य, सुबह 10 बजे के बाद माल ढोने वाले वाहनों की एंट्री पर भी रोक

करवा चौथ और दीपावली पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ और जाम की आशंका को देखते हुए पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए अभी से कमर कस ली है। त्योहारों के दौरान ग्राहकों को बाजारों में आवागमन की परेशानी से बचाने और यातायात का दबाव कम करने के लिए राजगुरु मार्केट में वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के सख्त कदम उठाए गए हैं। इसके तहत दुकान नंबर 1 से 26 तक, कमला टावर से आगे तक का पूरा कपड़ा बाजार वाहन फ्री जोन रहेगा। यहां दोपहिया वाहनों को खड़ा करने पर रोक रहेगी और चालकों को अपने वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करने होंगे, वहीं, दिवाली से ठीक चार दिन पहले राजगुरु मार्केट में चार पहिया वाहनों की एंट्री पूरी तरह बंद रहेगी।



अधिकारियों ने किया मार्केट का दौरा

इन्हीं व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को पुलिस अधिकारियों ने राजगुरु मार्केट और न्यू राजगुरु मार्केट का दौरा किया तथा दुकानदारों एवं मार्केट पदाधिकारियों से बातचीत कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि दुकानदारों के वाहन सड़कों पर खड़े रहने से ग्राहकों के लिए जगह कम हो जाती है और त्योहारों के दौरान भीड़ बढ़ने पर जाम की समस्या गंभीर हो सकती है। इसलिए सभी व्यापारी अपने मोटरसाइकिल और स्कूटर राजगुरु मार्केट तथा न्यू राजगुरु मार्केट के बीच बनाई गई निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करें।

ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के लिए भी दी हिदायत

त्योहारी सीजन में बाजार की सड़कों पर यातायात बाधित न हो, इसके लिए माल की लोडिंग और अनलोडिंग को लेकर भी व्यवस्था तय की गई है। ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां केवल सुबह 10 बजे से पहले ही बाजार में प्रवेश कर सकेंगी। इसके बाद माल ढोने वाले वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। इसका उद्देश्य खरीदारी के व्यस्त समय में बाजार की सड़कों को वाहनों के दबाव से मुक्त रखना है। ट्रैफिक थाना प्रभारी ने बताया कि राजगुरु मार्केट और न्यू राजगुरु मार्केट के बीच दुकानदारों के दोपहिया वाहनों के लिए विशेष पार्किंग स्थल बनाया गया है। सभी व्यापारी अपने वाहन इसी पार्किंग में खड़े करें, ताकि मुख्य रास्तों पर ग्राहकों की आवाजाही में बाधा न आए। पुलिस ने ई-रिक्शा और ऑटो चालकों से भी निर्धारित स्थानों पर वाहन खड़े करने तथा सड़क के बीच सवारी बैठाने या उतारने से बचने की अपील की है।

व्यापारी प्रशासन का सहयोग करें

दुकानदारों को सड़क और फुटपाथ पर सामान नहीं रखने तथा लोडिंग-अनलोडिंग निर्धारित समय में करने की हिदायत दी गई है। वाहन चालकों से नो-पार्किंग क्षेत्रों में वाहन खड़े नहीं करने, वन-वे व्यवस्था वाले मार्गों पर निर्धारित दिशा में चलने और यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। पुलिस ने एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहनों और अन्य आपातकालीन सेवाओं के लिए रास्ता खुला रखने पर भी जोर दिया। राजगुरु मार्केट एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र बजाज ने व्यापारियों और आमजन से अपील की कि वे त्योहारी सीजन में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार निर्धारित पार्किंग का इस्तेमाल करें और ग्राहकों को भी इसके लिए जागरूक करें, ताकि बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस का प्रयास है कि त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ के बावजूद यातायात सुचारू बना रहे। निर्धारित पार्किंग का इस्तेमाल, वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण और व्यापारियों का सहयोग जाम की समस्या से निपटने में अहम भूमिका निभाएगा।



पुट्ठी में महिला से 9.44 ग्राम हेरोइन बरामद, मामला दर्ज

हांसी। पुलिस की ओर से नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुट्ठी में एक महिला को 9.44 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना बास में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गश्त के लिए पुलिस टीम पुट्ठी में शनि मंदिर के पास पहुंची थी। कि उपनिरीक्षक कपिल देव की टीम को सूचना मिली कि एक महिला नशीला पदार्थ लेकर शनि मंदिर के नजदीक खड़ी है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला को काबू किया। नियमानुसार महिला को एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत उसके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। महिला पुलिस कर्मचारी से तलाशी करवाने पर उसके कब्जे से पारदर्शी पॉलीथिन में रखी 9.44 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने नशीले पदार्थ को कब्जे में ले कर आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रोडवेज कर्मचारियों के धुलाई भत्ते पर विभाग सख्त, पात्रता और नियमों की मांगी जानकारी

विभाग में कार्यरत ग्रुप-सी और डी कर्मचारियों को मिलना है विशेष भत्ता

राजेश्वर बैनीवाल ▶▶| हिसार

हरियाणा राज्य परिवहन विभाग में ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को दिए जाने वाले विशेष भत्ते (धुलाई भत्ता) को लेकर विभागीय स्तर पर जानकारी जुटाई जा रही है। इस संबंध में महाप्रबंधक (स्टोर), हरियाणा राज्य परिवहन, चंडीगढ़ की ओर से संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर भत्ते से जुड़े नियमों, पात्रता और विभागीय निर्देशों की जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। हाल ही में जारी पत्र के अनुसार, विभाग में कार्यरत ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को विशेष भत्ता (धुलाई भत्ता) दिए जाने के संबंध में वर्तमान में लागू नियमों, नीतियों और विभागीय निर्देशों का विवरण मांगा गया है।

अधिकारियों को ये दिए गए हैं निर्देश

अधिकारियों से यह भी स्पष्ट करने को कहा गया है कि किन-किन पदों पर कार्यरत कर्मचारी इस भत्ते के पात्र हैं तथा भत्ते की वर्तमान दर क्या निर्धारित की गई है। पत्र में भत्ता प्रदान करने के लिए निर्धारित पात्रता एवं शर्तों की जानकारी देने के साथ-साथ इस संबंध में हरियाणा सरकार की ओर से पहले जारी किए गए नियमों, अधिसूचनाओं, हिदायत पत्रों और कार्यालय आदेशों की प्रतियां भी मांगी गई हैं। यदि इस विषय पर कोई नवीनतम निर्देश या संशोधित आदेश जारी हुआ है, तो उसकी प्रमाणित प्रति उपलब्ध करवाने को भी कहा गया है। विभाग की ओर से संबंधित जानकारी और नियमों की प्रमाणित प्रतियां निर्धारित समयसीमा में ईमेल के माध्यम से भेजने को कहा गया है, ताकि मुख्यालय स्तर पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा सके।

अब इन सवालों पर टिकीं नजरें

इस पत्र के बाद कर्मचारियों के बीच धुलाई भत्ते की वर्तमान दर, पात्र पदों और इसे प्राप्त करने की शर्तों को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। हालांकि, पत्र में भत्ते की दर बढ़ाने या सभी कर्मचारियों को इसका लाभ देने का कोई निर्णय घोषित नहीं किया गया है। अब संबंधित अधिकारियों की ओर से उपलब्ध करवाई जाने वाली जानकारी और विभागीय नियमों के आधार पर आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

पत्र मिला, कार्रवाई होगी : टीएम

हिसार डिपो के यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार का कहना है कि धुलाई भत्ता से संबंधित पत्र मिला है। पत्र में मांगी गई जानकारी अनुसार कार्रवाई होगी।

ऑटो मार्केट के पास 6 किलो 810 ग्राम गांजे समेत एक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीआईए टीम ने न्यू ऑटो मार्केट के गेट नंबर-4 के पास से एक आरोपी को 6 किलो 810 ग्राम गांजे सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहार के सहरसा जिले के टेगराह निवासी मुन्ना कुमार के रूप में हुई है।

सीआईए हिसार प्रभारी इंस्पेक्टर करमजीत ने बताया कि उनकी टीम नशे के संबंध में गश्त एवं निगरानी के दौरान ऑटो मार्केट क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर टीम ने न्यू ऑटो मार्केट के गेट नंबर-4 के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को उसके हाथ में पकड़े थैले सहित काबू किया। तलाशी लेने पर थैले से 6 किलो 810 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शहर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लुदास में 1.86 किलो गांजे समेत एक धरा

हिसार। सीआईए टीम ने गांव लुदास से एक युवक को एक किलो 860 ग्राम गांजे सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांव के अजय के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर करमजीत ने बताया कि उनकी टीम अपराधों की पड़ताल एवं नशे के संबंध में गश्त के दौरान गांव लूदास की तरफ मौजूद थी। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अजय को काबू किया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक किलो 860 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सदर थाना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुकान में चोरी की वारदात सुलझी दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार

- तीन साल पहले सरसौद की दुकान में हुई थी चोरी, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे बढ़ाई जांच

बरवाला। पुलिस ने वर्ष 2023 में गांव सरसौद स्थित एक दुकान में हुई चोरी की वारदात को सुलझाते हुए दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। मामले के अनुसार इस संबंध में सरसौद गांव निवासी सुरेंद्र सिंह ने थाना बरवाला में शिकायत देकर बताया था कि 30 जुलाई 2023 को दोपहर करीब तीन बजे गांव स्थित उनकी दुकान भुक्कल इलेक्ट्रॉनिक्स से महिलाओं ने शटर उठाकर तांबे के तार, श्रिंक रैप/शकरपेप और अन्य जरूरी सामान चोरी कर लिया था। चोरी किए गए सामान की कीमत करीब 20 हजार रुपये थी। चोरी की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। शिकायत पर केस दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की।

आरोपी टोहाना के रहने वाले

मामले की जांच के दौरान बरवाला पुलिस टीम ने मुख्य सिपाही सुनील कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए बस अड्डा बरवाला के पास से दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को काबू किया। पूछताछ में उनकी पहचान टोहाना की राजनगर बस्ती निवासी सीमा, सजना उर्फ छन्नों व कश्मीर के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, मामले से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच करने पर दोनों महिलाओं की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा चोरी किए गए सामान की बरामदगी तथा मामले में अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए जांच जारी है।

मकान तोड़ते वक्त लोहे के गार्डर और गेट चोरी करने में दो दबोचे

हिसार। आजाद नगर पुलिस ने मकान तोड़ने के दौरान लोहे का सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार लोहे के गार्डर और एक लोहे का गेट बरामद किया है। मामले के अनुसार इस संबंध में आजाद नगर स्थित नंद विहार निवासी सुभाष ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उन्होंने अपना पुराना मकान तोड़ने का काम रोहित नामक व्यक्ति को दिया था। गत 23 अक्टूबर को जब उन्होंने मौके पर जाकर देखा, तो मकान में लगे चार लोहे के गार्डर और एक लोहे का गेट गायब मिले। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की। जांच के दौरान उप-निरीक्षक जयवीर सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों की पहचान यूपी निवासी अशोक व के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए चार लोहे के गार्डर और एक लोहे का गेट बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मकान में चोरी का आरोपी पकड़ा, आभूषण बरामद

हिसार। सदर थाना पुलिस ने सातरोड कलां में बंद मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सभी आभूषण बरामद कर लिए हैं। मामले के अनुसार इस संबंध में सातरोड कलां में रहने वाले अनिल शर्मा ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 13 अक्टूबर को वह और उसकी पत्नी नौकरी पर गए हुए थे। दोपहर करीब 1:50 बजे जब उनकी पत्नी घर पहुंचीं, तो मकान का दरवाजा खुला मिला। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति मकान में घुसकर अलमारी तोड़ने के बाद उसमें रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर ले गया था। शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी सहायता के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए आभूषण विधिवत बरामद कर जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, चोरी हुए सभी आभूषण बरामद कर लिए गए हैं।

स्वदेशी गाय संरक्षण एवं विकास व मुर्रा विकास योजना के हुई रिकॉर्डिंग

मिर्चपुर की मुर्रा भैंस 'दुर्गा' ने 24 घंटे में 41.58 किलोग्राम दूध देकर स्थापित किया नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

मिर्चपुर के प्रगतिशील पशुपालक नवदीप की मुर्रा नस्ल की भैंस 'दुर्गा' ने 24 घंटे में 41.58 किलोग्राम दूध उत्पादन कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह रिकॉर्ड पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा सरकार की स्वदेशी गाय संरक्षण एवं विकास तथा मुर्रा विकास योजना के अंतर्गत आयोजित दुग्ध रिकॉर्डिंग प्रक्रिया के दौरान दर्ज किया गया। इससे पहले यह रिकॉर्ड गांव सिंघवा खास के ईश्वर सिंघवा की भैंस 'राधा' के नाम था, जिसने 35 किलो 669 ग्राम दूध देकर यह रिकॉर्ड बनाया था। दुग्ध रिकॉर्डिंग की प्रक्रिया पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की देखरेख में संपन्न हुई। इस उपलब्धि से क्षेत्र के पशुपालकों में उत्साह है और यह वैज्ञानिक पशुपालन एवं नस्ल सुधार के महत्व को रेखांकित करती है।



नवदीप की छोटी बेटी ने नाम रखा था दुर्गा

मिर्चपुर के पशुपालक नवदीप ने बताया कि 'दुर्गा' उनके घर की पालतू भैंस है और यह तीसरी पीढ़ी की भैंस है। रिकॉर्ड बनने से पहले ही उनकी छोटी बेटी ज्योति ने इसका नाम दुर्गा रखा था। उसने कहा था कि इस बार भैंस पुराने रिकॉर्ड तोड़कर नया रिकॉर्ड बनाएगी।

जानिए... क्या है दुर्गा की एक दिन की डाइट

नवदीप के अनुसार, दुर्गा के बेहतर दुग्ध उत्पादन में संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण पशु आहार, उचित प्रजनन प्रबंधन, नियमित स्वास्थ्य देखभाल और पशु चिकित्सकों के परामर्श की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वह प्रतिदिन दुर्गा को खल, बिनौला, चना, मेथी, सोयाबीन, गेहूं का दलिया, चने की चूरी और लगभग 15 किलो राशन के साथ हरा चारा खिलाते हैं। भैंस के आराम के लिए गद्दों की व्यवस्था की गई है और सरसों के तेल से मालिश भी की जाती है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों रोहतक के एक व्यापारी ने दुर्गा को खरीदने के लिए 40 लाख रुपये की पेशकश की थी, लेकिन उन्होंने भैंस को नहीं बेचा। वहीं, उनके 18 महीने के कटड़े की कीमत भी सात लाख रुपये लग चुकी है। पशुपालन विभाग के अनुसार, इस प्रकार की उपलब्धियां पशुपालकों को उन्नत पशु प्रबंधन, वैज्ञानिक प्रजनन तकनीकों, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। मुर्रा नस्ल हरियाणा की महत्वपूर्ण स्वदेशी भैंस नस्ल है। इसके संरक्षण, संवर्धन और उत्पादकता में वृद्धि से डेयरी क्षेत्र को लाभ मिल सकता है। विभागीय योजनाओं के माध्यम से पशुपालकों को प्रोत्साहित करने, स्वदेशी नस्लों के विकास को बढ़ावा देने तथा आधुनिक डेयरी प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाते हैं। इससे पशुपालकों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
27 अक्टूबर 2026
10
सहेली
विशेष
करवा चौथ
29 अक्टूबर



प्रगतिशील भाव संग परंपरा के प्यारे रंग

पति के मंगलमय जीवन के लिए मनाया जाने वाला पर्व करवा चौथ, अब अपने परंपरागत रूप से उबर कर मनाया जाने लगा है। अब पत्नी ही निराजल व्रत नहीं रहती, पति भी अपनी पत्नी के सुखी जीवन के लिए व्रत रखते हैं, साझा दायित्व निभाने का संकल्प करते हैं। जीवनसाथी का यह प्रगतिशील भाव सिर्फ दांपत्य जीवन को ही नहीं, संपूर्ण परिवार को खुशहाल बना रहा है।



आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

हालिया बरसों में परंपरागत पर्वों को मनाने का अंदाज पूरी तरह बदल गया है। रीति-रिवाज का स्वरूप तो पुराना ही है, लेकिन निभाने के तौर-तरीके नए हैं। शादीशुदा जिंदगी में जीवनसाथी की भावनाओं को एक-दूजे से जोड़ने वाला करवा चौथ का व्रत भी अब नए अंदाज में मनाया जाने लगा है। यह बदलाव पति-पत्नी के जुड़ाव को और मजबूती देने वाला है। साथ व्रत करने, उपहार देने और औपचारिकताओं से दूर घर-परिवार से जुड़ने का यह अंदाज प्रेम और परवाह दोनों को लिए है। परंपरा के रंग और प्रगतिशील भाव-चाव मिलकर उत्सवी सहजता और स्नेह को पोसने का काम कर रहे हैं।

उपवास से जुड़ी साझी अनुभूतियां

आज युवा जोड़े, करवा चौथ के पर्व को जज्बाती समझ के साथ मनाते दिखते हैं। पत्नियों के साथ पति अब भी व्रत रखते हैं। थोड़ा समय निकाल कर जीवनसंगिनी की मान-मनुहार करते हैं। यही कारण है कि समय के साथ रीति-रिवाज और परंपराओं में आए बदलाव ने जीवनसाथी की कुशलकामना के भाव को और गहरा कर दिया है। सही मायने में देखा जाए तो रिश्तों में आए खुलेपन की सोच ने इस जुड़ाव को और बल दिया है। इसी सहजता के कारण करवा चौथ जैसे त्योहारों को मनाना महिलाओं को भी बंधन नहीं बल्कि उत्सव-सा लगता है। खासकर युवतियां इस नए रंग-ढंग से बहुत खुश हैं। पति का इन परंपराओं के निर्वहन में भागीदार बनना भी प्यारा-सा पहलू है। कभी लोक परंपरा को निभाने के लिए मनाया जाने वाला करवा चौथ का व्रत आज पति और पत्नी दोनों के लिए स्नेह को व्यक्त करने का पर्याय बन गया है। ऐसे में इस व्रत से जुड़े अनुष्ठान का परंपराओं के खांचे से निकलकर सहज-सरल बनना बेहद सुखद है।





जिम्मेदारियों का साझा निर्वहन

जज्बातों को समझने वाला जीवनसाथी जब जिम्मेदारियां भी बांटने लगे, तो कुशल कामना के भाव बहुत आत्मीय होते हैं। आस्था का आधार इन भावनाओं को और पावन बनाता है। यह वाकई एक बड़ा बदलाव है कि पति और पत्नी दोनों ही अपने जीवनसाथी को शक्ति स्तंभ, दोस्त और सलाहकार समझने लगे हैं। इसी समझ में आपसी सम्मान के भाव को भी बढ़ाया है। पति-पत्नी का साथ जीवन भर का साथ होता है। इस जुड़ाव में खुशियां ही नहीं बांटीं जातीं, जिम्मेदारियों के साझे निर्वहन की सोच भी होनी चाहिए। पहले व्रत, उत्सव पर भी घर के काम-काज का दायित्व केवल महिलाओं के हिस्से ही आता था। अब ऐसे पर्व-त्योहारों पर घर के पुरुष भी काम में हाथ बंटाते हैं। युवा अपनी काम-काजी जीवनसंगिनी के थकाने वाले शेड्यूल को समझते हैं। इसके चलते संबंधों में आ रही समानता की यह सोच वास्तविक धरातल पर भी दिखने लगी है। यही वजह है कि करवा चौथ जैसे पारंपरिक त्योहार में स्नेह के साथ आपसी समझ भी नजर आती है।

मन का उत्सव

गांवों से लेकर शहरों तक अब भी इस सुहाग पर्व को महिलाएं बहुत उत्साह और मनोयोग से मनाती हैं। हर परंपरा को पूरे दिल से निभाती हैं। नव-विवाहिता बहू-बेटियों का सहज-स्नेह के साथ रीति-रिवाज से परिचय कराती हैं। उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाने वाला यह पारंपरिक पर्व, सही मायने में स्त्रीत्व का उत्सव है। वैवाहिक जीवन में संबंधों से मिला स्नेह-समझ का भाव इस उल्लास को और खुलकर जीने का मौका देता है। आज की भागम-भाग भरी जिंदगी में करवा चौथ का व्रत भावनाओं को साझा करने का सुंदर अवसर-सा है। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य और परिपक्वता को बढ़ावा देने वाला यह भावपूर्ण और खूबसूरत त्योहार बहुत से दंपतियों का पसंदीदा पर्व है। असल में इन छोटे-छोटे कई सकारात्मक बदलावों से घर-परिवार में रिश्तों को लेकर नई समझ को स्थान मिल रहा है। जो औपचारिकताओं से परे अपनेपन से सिंचित वैवाहिक जीवन का मजबूत आधार बन रहे हैं। इसीलिए कह सकते हैं कि करवा चौथ पति-पत्नी के दिल से जुड़ा उत्सव है। जिसे दोनों पूरे मन से मनाते हैं। इससे दोनों को खुशी महसूस होती है।

परिवार की कुशलकामना

पति के दीर्घायु की कामना से जुड़ा करवा चौथ का व्रत पारिवारिक मोर्चे पर शुभता चाहने से भी जुड़ा है। दंपतियों के रिश्ते की खुशहाली पूरे परिवार की सुख-शांति से जुड़ी होती है। ऐसे में परिवार और रिश्तों की बेहतरी का भाव लिए यह पर्व पूरे समाज को आपसी जुड़ाव का संदेश देता है। मिलकर कथा सुनतीं, मेहंदी लगातीं, सजती-संवरती, बड़ों से आशीष लेती महिलाएं पर्वों के माध्यम से समाज जोड़ने का ही सुंदर पुल बनाती हैं।

दांपत्य जीवन में भरें प्यार के रंग

मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए मनाए जाने वाले पर्व करवा चौथ के दिन सिर्फ पूजा आराधना ही नहीं हो, पति-पत्नी कुछ ऐसी बातें भी अमल में लाएं,जो उनके जीवन में मधुरता घोले, प्रगाढ़ बनाए। इसके लिए दंपतियों को कुछ बातें अमल में लानी होंगी।

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री



करवा चौथ का पर्व सिर्फ पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाने वाला व्रत ही नहीं है, बल्कि यह पति-पत्नी के रिश्ते में आपसी समझ को और अधिक गहरा करने का अवसर भी है। अपने दांपत्य जीवन में प्रेम के खूबसूरत रंग भरकर और अधिक प्रगाढ़ कैसे बनाएं, जानें।

दांपत्य जीवन में संतुलन बनाए रखने का संकल्पः पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं, अगर ये जीवन रूपी पथ पर साथ-साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे, तो दांपत्य की गाड़ी डगमगाकर पलट जाएगी। इसलिए परस्पर समझदारी से इसके संतुलन को बनाए रखना बेहद जरूरी है। दो व्यक्तियों के विचारों, स्वभाव और रुचियों में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन हमेशा ध्यान रखें कि ये मतभेद कभी मनभेद न बनने पाएं। दूसरे को पूरी तरह बदलने के स्थान पर जब पति-पत्नी दोनों ही खुद को बदलने का प्रयास करते हैं, तो गृहस्थी में संतुलन बना रहता है, दांपत्य की गाड़ी बेहद स्थिरता से जीवन पथ पर निर्बाध दौड़ती है। इस करवा चौथ पर पति-पत्नी दोनों ही बहुत प्यार से संकल्प लें कि वे अपने दांपत्य जीवन की गाड़ी का संतुलन कभी बिगड़ने नहीं देंगे। घर-परिवार से जुड़े निर्णय परस्पर सहयोग और समझदारी से लेंगे।



बिताएं एक-दूसरे के साथ प्यार भरे पलः करवा चौथ पर ऑफिस से छुट्टी लेकर एक-दूसरे को भरपूर समय दें। मोबाइल फोन से दूरी बनाकर एक साथ कुछ मीठे पल बिताएं, कुछ अपनी कहें और कुछ दूसरे की सुनें। साथ-साथ बिताए गए कॉलेज टाइम के समय को याद करें। अगर आपके पास एक-दूसरे के कुछ पुराने पत्र या फोटोग्राफ हैं, तो उन्हें निकालकर देखें और पढ़ें। इन पत्रों और फोटोग्राफ्स की भावनाएं आपको एक बार फिर एक-दूसरे के प्रति प्यार की ऊर्जा से भर देंगी।

इमोशंस को करें सेलिब्रेटः करवा चौथ के दिन एक-दूसरे के इमोशंस को भी सेलिब्रेट करें। अपने पार्टनर के प्रति उन सभी इमोशंस को व्यक्त करें, जो आप आज तक अपने पति से नहीं कह पाई हैं। आप इसके लिए कागज पर लिखकर या फिर मोबाइल फोन के टेक्सट मैसेज का सहारा ले सकती हैं। इस दिन एक-दूसरे की पसंद-नापसंद का विशेष ध्यान रखें। अगर पिछले दिनों किसी बात पर अनबन या बहस होने से आप दोनों एक-दूसरे से नाराज चल रहे हैं, तो इस दिन सारे मतभेद भूलकर करवा चौथ को सेलिब्रेट करें। एक यादगार दिन बिताएं।

भविष्य की योजनाएं बनाएंः आप किसी भी उम्र की हों, इस दिन बीते समय की कड़वीं यादों को भूलकर आगे आने वाले समय को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करें। बच्चों की पढ़ाई, शादी, आर्थिक योजनाएं और रिटायरमेंट की प्लानिंग पर खुलकर बातचीत करें। बातचीत करते समय ध्यान रखें कि भले ही कितने भी मतभेद हों, आप इसे बहस और वाद-विवाद तक न पहुंचने दें। दूर की सोचकर अपनी योजनाएं बनाएं और सुखद भविष्य की राह बनाएं।

खामियां नहीं खूबियां गिनेंः पति-पत्नी दोनों ही करवा चौथ के दिन एक-दूसरे की कमियां देखने के स्थान पर खूबियां गिनें। जब आप एक-दूसरे की खूबियां गिनना शुरू करेंगी, तो उनका उजला पक्ष आपके सामने होगा, सारी खामियां स्वतः धूमिल हो जाएंगी। एक-दूसरे की खूबियों की तारीफ से, प्यार को महसूस करने से करवा चौथ पर आपका दांपत्य जीवन फूलों सा खिल उठेगा, जिसकी महक से पति-पत्नी दोनों को एक अलग तरह की खुशी मिलेगी।

सरप्राइज प्लान करें: करवा चौथ के दिन को यादगार बनाने के लिए एक-दूसरे के लिए कुछ सरप्राइज प्लान करें। जरूरी नहीं है कि आप कोई महंगा गिफ्ट ही खरीदें, एक छोटा-सा बुके, पेन, ब्रांडेड पर्स, सूट या साड़ी भी आपकी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए काफी हो सकता है।

करवा चौथ के दिन पत्नियां अपने पति के मंगलमय जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। मनोविज्ञानी अध्ययन बताते हैं कि उपवास से सकारात्मक भावनाएं जन्म लेती हैं, इससे पति-पत्नी के बीच आपसी जुड़ाव और समर्पण बढ़ता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

करवा चौथ उपवास में निहित कई गहरे मनोवैज्ञानिक पहलू

शोध
अंजू जैन



मनोविज्ञान में लॉ ऑफ अट्रैक्शन और 'प्रार्थना की शक्ति' पर कई शोध हुए हैं। करवा चौथ के दिन जब एक पत्नी पूरे मन से अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है, तो वह ब्रह्मांड में अत्यधिक शक्तिशाली सकारात्मक तरंगें भेजती है। किसी के लिए निरंतर शुभ सोचने से आपके मस्तिष्क से ऑक्सीटोसिन और एंडोर्फिन जैसे हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं। यह सकारात्मक माहौल पति के मानसिक तनाव को कम करता है। तनाव मुक्त रहने से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप का खतरा कम होता है, जो सीधे तौर पर लंबी उम्र से जुड़ा है।

'ऑक्सीटोसिन' का स्राव और रिश्तों में जुड़ावः करवा चौथ के दिन पति-पत्नी के बीच का प्रेम और आकर्षण अपने चरम पर होता है। पति अपनी पत्नी को उपहार देता है, उसकी देखभाल करता है। पत्नी भी अपने पति के प्रति पूरी तरह समर्पित होती है। इस तरह के भावनात्मक जुड़ाव से शरीर में 'ऑक्सीटोसिन'(जिसे लव हार्मोन या बॉन्डिंग हार्मोन भी कहा जाता है) का स्तर तेजी से बढ़ता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक शोध के अनुसार, जिन पुरुषों का वैवाहिक जीवन सुखी होता है, जिन्हें अपनी पत्नी का भरपूर स्नेह मिलता है, उनमें कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों से मरने का खतरा 30 प्रतिशत तक कम हो जाता है।

सामूहिक अवचेतन की शक्तिः करवा चौथ के दिन महिलाएं एक साथ इकट्ठा होकर कथा सुनती हैं, पूजा करती हैं और थाली बंटाती हैं। मनोविज्ञान में इसे 'सामूहिक अवचेतन' या सामूहिक ऊर्जा कहा जाता है। जब सैकड़ों-हजारों लोग एक ही समय पर, एक ही उद्देश्य (पति की लंबी उम्र) के लिए एक जैसी सकारात्मक भावना के साथ इकट्ठा होते हैं, तो एक शक्तिशाली 'एनर्जी फील्ड' तैयार होता है। यह सामूहिक उत्सव महिलाओं के मानसिक तनाव को दूर करता है। एक खुशहाल और तनावमुक्त पत्नी ही एक पुरुष को घर में शांतिपूर्ण माहौल दे सकती है।

कृतज्ञता की भावनाः करवा चौथ का त्योहार मूल रूप से एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। पत्नी-पति की सुरक्षा के लिए व्रत करती है और पति-पत्नी के इस त्याग का सम्मान करते हुए उसे उपहार और जीवन भर साथ निभाने का वचन देता है 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, जो जोड़े एक-दूसरे के प्रति नियमित रूप से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उनका रिश्ता अधिक टिकाऊ और मजबूत होता है।

सहानुभूति और पारस्परिक समझः करवा चौथ केवल एक दिन की रस्म नहीं है, बल्कि यह आने वाले पूरे साल के लिए आपसी समझ की नींव रखता है। आधुनिक युग में कई पति भी अपनी पत्नियों के साथ इस व्रत को रखते हैं। जब दो लोग एक साथ किसी कठिन लक्ष्य (जैसे उपवास) को साझा करते हैं, तो उनके बीच सहानुभूति और 'मिररिंग इफेक्ट' पैदा होता है। यह साझा प्रयास आपसी मतभेदों और झगड़ों को समाप्त करता है।

चंद्र दर्शन और मानसिक शांतिः करवा चौथ के व्रत का समापन रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर और छलनी से पति का चेहरा देखकर होता है। यह पूरी प्रक्रिया प्रकृति से सीधे जुड़ाव को दर्शाती है। चंद्रमा की किरणें शीतलता और शांति का प्रतीक हैं। रात के समय खुले आसमान के नीचे प्रकृति के संपर्क में आने से मन शांत होता है। छलनी के माध्यम से देखना और दीप जलाना एकाग्रता को बढ़ाता है, जिससे पति-पत्नी दोनों का तंत्रिका तंत्र शांत और संतुलित होता है।

मेकअप
निधि गोयल

मेकअप करें ऐसा दमके चांद सा चेहरा

करवा चौथ के खास अवसर पर हर महिला चाहती है कि उसका लुक सबसे खूबसूरत नजर आए। इसके लिए परफेक्ट आउटफिट से लेकर मेकअप तक, हर बात मायने रखती है। मेकअप को आकर्षक और लंबे समय तक बरकरार रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

स्किन बेस करें तैयारः चेहरे को माइल्ड फेस वॉश से साफ करने के बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर दिन में बाहर जाना है, तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। इसके बाद कुछ मिनट स्किन को सेट होने दें।

प्राइमर को न करें इग्नोरः मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में प्राइमर काफी मददगार हो सकता है। इसे खासतौर पर टी-जोन, नाक और उन हिस्सों पर लगाएं, जहां त्वचा जल्दी ऑयली हो जाती है। बहुत ज्यादा प्राइमर लगाने के बजाय इसकी पतली लेयर लगाएं। इससे मेकअप सही तरह से टिका रहता है।



बेस न हो ज्यादा हैवीः त्योहार के दिन हैवी बेस लगाने के बजाय ऐसा फाउंडेशन चुनें, जो आपकी स्किन टोन से मैच करता हो। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से अच्छी तरह ब्लेंड करें। जहां ज्यादा कवरेज की जरूरत हो, वहां कंसीलर का इस्तेमाल करें। बहुत मोटी लेयर लगाने से कुछ घंटों बाद बेस क्रैक या पैची दिखाई दे सकता है। इसलिए जरूरी है कि हल्की और पतली लेयर लगाएं।

पावडर से करें मेकअप सेटः फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद हल्के ट्रांसलूसेंट पावडर से मेकअप को सेट करें। खासकर नाक, माथे और ठुड्डी जैसे ऑयली हिस्सों पर ध्यान दें। इससे एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

स्मज-प्रूफ आई मेकअपः आप जब चेहरे पर बेस बना लें, तो उसके बाद आई मेकअप करें। लंबे समय तक आई मेकअप को मेंटेन करने के लिए वॉटरप्रूफ या लॉन्ग-वियर आईलाइनर और मस्कारा चुनें। आई शैडो लगाने से पहले आई प्राइमर या थोड़ी-सी कंसीलर की पतली लेयर इस्तेमाल की जा सकती है। इससे आई-शैडो को बेहतर बेस मिल सकता है।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिकः लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें। इसके बाद लिप लाइनर से होंठों को आउटलाइन करके उसी से हल्का फिल करें और फिर लिपस्टिक लगाएं। लंबे समय तक टिके रहने के लिए मैट या लॉन्ग-वियर फॉर्मूला चुन सकती हैं।

मेकअप सेटिंग स्प्रेः अंत में मेकअप होने के बाद मेकअप सेटिंग स्प्रे करें। इसे चेहरे से थोड़ी दूरी पर रखकर लगाएं और फिर मेकअप को अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा, आपका रूप दमकता रहेगा।

(मेकअप एक्सपर्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डाइट सजेशन
रितिका समादार
चीफ डाइटीशियन
मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

करवा चौथः ऐसी हो आपकी सरगी

करवा चौथ के दिन सुबह व्रत से पूर्व खाई जाने वाली सरगी हेल्थ के लिए बहुत मायने रखती है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि सरगी में आप क्या खा सकती हैं और किसे अवॉयड करना चाहिए?

आने वाले गुरुवार को आप करवा चौथ व्रत रखेंगी। आपने पूरे उत्साह के साथ इसकी तैयारी शुरू कर दी होगी। इसके साथ ही आपको अपने खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर सरगी में आपको क्या लेना चाहिए, इस बारे में जानिए। करवा चौथ में सूर्योदय चंद्रोदय तक लगभग 15 घंटे का निर्जल उपवास होता है। व्रत वाले दिन सूर्योदय से पहले यानी सुबह 4-5 बजे सरगी खाने की परंपरा है। इस लंबे उपवास से पहले खाया जाने वाला भोजन बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे न केवल पूरे दिन कार्यों को करने की एनर्जी मिलती है, बल्कि डिहाइड्रेशन, एसिडिटी और थकान से भी बचाव होता है।

पर्याप्त तरल पदार्थः इस व्रत में सुबह से रात में चांद निकलने तक पानी पीना भी मना होता है, इसलिए सरगी के समय सादा पानी, नीबू पानी और नारियल पानी का सेवन करें। इससे आपका शरीर हाइड्रेट रहेगा और गला सूखने की समस्या नहीं होगी। लस्सी, छाछ या दूध का भी एक ग्लास ले सकती हैं।



लो डाइजेस्टिव कार्ब-प्रोटीनः सरगी में ऐसे कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन से जुड़ी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनका पाचन धीमी गति से होता है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि इससे अगले दिन भी आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और भूख नहीं लगेगी। इसके लिए ड्राई फ्रूट्स या नट्स के साथ बना हुआ दलिया, खीर या सिंवईं बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा कम ऑयल में बना हुआ पनीर का परांठा भी आपको भरपूर एनर्जी देगा। ऐसी चीजों के सेवन से आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम और प्रोटीन का पोषण मिल जाएगा।

फलों का सेवनः सेब, पपीता, अनार, संतरा और तरबूज जैसे फल नेचुरल शुगर, फाइबर और विटमिन से भरपूर होते हैं। इनके सेवन से शरीर में पानी की कमी भी दूर होती है। केला पोटेशियम से भरपूर होता है, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बनाए रखता है। अनार, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर होता है। निर्जला व्रत से पहले सरगी में फलों का सेवन करने से अगले दिन शरीर में पानी की कमी महसूस नहीं होती।

डेयरी प्रोडक्ट्सः दूध, दही, पनीर, लस्सी और छाछ भी कैल्शियम और प्रोटीन के बहुत अच्छे स्रोत हैं। दही में मौजूद प्रोबायोटिक तत्व पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं और इससे पेट में ठंडक बनी रहती है। चाहें तो नट्स के साथ दही का भी सेवन कर सकती हैं। अगर आप वीगन डाइट लेना चाहती हैं, तो नारियल या बादाम के दूध का सेवन कर सकती हैं।

क्या न करें: बहुत ज्यादा मीठी डिशेज का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा बढ़ जाती है और इससे ज्यादा भूख लगती है। तेज नमक वाली चीजें खाने से बचें, इससे डिहाइड्रेशन की समस्या होती है और ज्यादा प्यास लगती है। जहां तक संभव हो चाय-कॉफी से दूर रहें या इनका सेवन बहुत सीमित मात्रा में करें। इनके ज्यादा सेवन से गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। ज्यादा घी, तेल या मिर्च मसाले वाली चीजों से भी दूर रहें, इससे अगले दिन पेट में भारीपन और पाचनतंत्र से सबंधी समस्या हो सकती है। अगर आप इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो व्रत के दौरान कोई समस्या नहीं होगी।

प्रस्तुतिः विनीता

लोकतंत्र व मताधिकार की रक्षा के लिए देशव्यापी एकजुट आंदोलन की आवश्यकता

अपने वोट की सुरक्षा के लिए देश के सभी नागरिकों को आगे आना होगा : डॉ. गौहर

मुख्य चुनाव आयुक्त पर दोनों चुनाव आयुक्तों द्वारा परामर्श नहीं करने के आरोप गंभीर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

देश के चुनावी लोकतंत्र की मजबूती और मताधिकार की संवैधानिक सुरक्षा के लिए युवाओं सहित सभी नागरिकों को एकजुट होकर आंदोलन करना होगा। नागरिकों को एक आवाज में चुनाव आयोग से सवाल पूछने चाहिए, क्योंकि संवैधानिक संस्थाओं से सवाल करना नागरिकों का अधिकार है। कोई भी तानाशाही नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित नहीं कर सकती। यह बात प्रख्यात वैज्ञानिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता डॉ. गौहर रजा ने सिविल सोसायटी हिसार की ओर से जाट धर्मशाला में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कही। सेमिनार की संयुक्त अध्यक्षता सेवानिवृत अतिरिक्त मुख्य सचिव आरआर फूलिया, बार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप बाजिया, वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. ताज व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सतीश कालरा ने की। मुख्य वक्ता डॉ. गौहर रजा ने देश में चल रही एसआईआर प्रक्रिया और मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश का लोकतंत्र संविधान के तहत चलता है और सत्ता में बैठे लोगों को इस मूल सिद्धांत को समझना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि सरकार नागरिकों के सवालों का जवाब दे। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को यह नहीं भूलना चाहिए कि नागरिकों को सवाल पूछने का संवैधानिक अधिकार है। सवाल पूछने वाले नागरिकों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, वह नागरिक अधिकारों को कुचलने जैसा है। डॉ. गौहर रजा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर उठाए गए सवालों पर उनकी चुप्पी एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता को संदेह के घेरे में ला रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त से सवाल पूछने पर युवाओं के खिलाफ कार्रवाई और उन्हें कानूनी कार्रवाई से संरक्षण देने संबंधी कानून भी चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि दोनों चुनाव आयुक्तों द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त पर उनसे परामर्श नहीं करने के आरोप भी गंभीर हैं।



हिसार। सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य वक्ता डॉ. गौहर रज्जा।

लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प

मंच संचालन करते हुए नागरिक अधिकार मंच के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर सहित देशभर में इस मुद्दे पर सवाल उठाने वाले युवाओं, विशेषकर युवतियों के साथ पुलिस द्वारा जिस तरह का कठोर और अशोभनीय व्यवहार किया जा रहा है, उसे हिसार की जनता कभी सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हिसार की जनता इस मुद्दे पर आंदोलन की जमीन तैयार कर रही है। आरआर फूलिया ने अपने संबोधन में कहा कि देश की एकजुटता ही लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत कर सकती है। देश के नागरिकों को लोकतंत्र की रक्षा के लिए मिलकर काम करना होगा।

एसआईआर प्रक्रिया पर उठे गंभीर सवाल

बार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप बाजिया ने कहा कि देश में एसआईआर की प्रक्रिया जिस तरह संचालित की जा रही है और लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, वह चिंताजनक है। इस पूरी प्रक्रिया पर न्यायिक व्यवस्था की चुप्पी भी नागरिकों की बेचैनी बढ़ा रही है। सेमिनार को डॉ. सतीश कालरा, बनवारी लाल बिश्नोई व एमएल सहगल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर हमारा प्यारा हिसार के संयोजक सतीश खरींटा, विक्रम मित्तल, सुमन जैन, अनु सूरा ढींगरा, मंगल ढालिया, नरेश गौतम, त्रिलोक बंसल, अशोक चावला, गंगा राम एडवोकेट, डीपी ढुल, समीर सिहाग, सोम दत्त शर्मा, कुसुम प्रजापति एडवोकेट, राकेश अग्रवाल, इंदर सिंह मलिक, संजीव भोजराज, सरदानंद राजली, सर्वजीत कौर, शकुंतला जाखड़, दिनेश सिवाच, बबली लांबा, अलका सिवाच, कविता कुंडू, डॉ. पणिकर, अशोक सैनी, राजेश बागड़ी, अनीता शर्मा, सुरेश गिरधर, हरफूल खान, होशियार खान, सतीश भाटिया, ऋषिकेश राजली, मनोहर लाल जाखड़, मास्टर प्रमोद कुमार, चंद्रभान काजला, सलाउद्दीन तथा संदीप सिहाग सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सेमिनार के दौरान उपस्थित नागरिकों ने मुख्य वक्ता डॉ. गौहर रजा से विभिन्न सवाल पूछे और उनके जवाब प्राप्त किए।

तिरुपति धाम में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया शरदोत्सव, चंद्र वाहन पर हुए लक्ष्मी वेंकटेश भगवान के दर्शन

- तिरुपति धाम के शरदोत्सव में श्रद्धालुओं ने चंद्र वाहन पर विराजमान लक्ष्मी वेंकटेश भगवान के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



अध्यात्म के पोषक श्री तिरुपति बालाजी धाम में शरदोत्सव पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। अर्चकों ने पूरे विधि-विधान के अनुसार लक्ष्मी वेंकटेश भगवान की पूजा व अराधना की। इसके उपरांत लक्ष्मी वेंकटेश भगवान के विग्रह पूरी निष्ठा के साथ चंद्र वाहन पर विराजमान किए गए। चंद्र वाहन पर भगवान के आलौकिक व दिव्य दर्शन करके श्रद्धालु अभिभूत हो गए और पूरा तिरुपति धाम जय गोविंदा व जय लक्ष्मी वेंकटेश के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। शरदोत्सव के दौरान आरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं में सात्विक प्रसाद का वितरण भी किया गया। तिरुपति धाम में 27 अक्टूबर से शुरू होने वाले सात दिवसीय ब्रह्मोत्सव की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित तिरुपति धाम को रंग-बिरंगी लडिय़ों व लाइट्स से सजाया गया है। तिरुपति धाम का 71 फुट ऊंचा गोपुरम दूर से ही आकर्षित करता है। 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाले ब्रह्मोत्सव में प्रतिदिन सुबह व सायं भगवान की दिव्य सवारी के दर्शन होंगे। इस दौरान नक्काशीयुक्त विशाल रथ का भी श्रद्धालु अवलोकन कर पाएंगे और भव्य आतिशबाजी का आनंद भी उठा पाएंगे।

त्योहारी ऑफरों के लालच में साइबर ठगी से बचें लोग

हांसी। त्योहारों पर भारी छूट और आकर्षक ऑफर के लालच में ऑनलाइन खरीदारी करना लोगों को महंगा पड़ सकता है। साइबर ठग सोशल मीडिया, व्हाट्सऐप और मोबाइल मैसेज के जरिए फर्जी ऑफर भेजकर लोगों की मेहनत की कमाई पर हाथ साफ कर सकते हैं। इसे देखते हुए हांसी के पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने लोगों से ऑनलाइन खरीदारी में सतर्कता बरतने और बिना जांच-पड़ताल के भुगतान नहीं करने की अपील की है। एसपी ने कहा कि साइबर ठग सस्ते सामान, भारी डिस्काउंट और आकर्षक उपहार का लालच देकर लोगों को फर्जी लिंक पर क्लिक करने के लिए प्रेरित करते हैं।



कवि सम्मेलन 13 दिसम्बर को गुजवि में

हिसार। समृद्ध भारत परिषद की जनरल बॉडी की बैठक यहां हुई। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि परिषद की ओर से 13 दिसम्बर को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडोटोरियम में विशाल कवि सम्मेलन करवाया जाएगा। सचिव डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा इस साल अब तक 81 विद्यार्थियों को शिक्षा के लिये गोद लिया जा चुका है। कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिशम्बर सचदेवा, दीपक अग्रवाल, राजेश गुप्ता, राकेश शर्मा, संजीव शर्मा, तरुण महता, तिलक महता, विजय अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को आचरण में उतारें प्रेम और भाईचारे को दें मजबूती : एसडीएम राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



हांसी। महर्षि बाल्मीकि प्रकटोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम राजेश खोथ को सम्मानित करते बाल्मिकी समाज के सदस्य।

महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में जिला प्रशासन की ओर से भगवान महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकटोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में एसडीएम राजेश खोथ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। एसडीएम ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके विचारों को व्यवहार में उतारकर समाज में प्रेम, शांति, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। महापुरुषों के समक्ष नतमस्तक होना श्रद्धा का प्रतीक है, लेकिन उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें सुनने, समझने और सीखने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। बच्चे देश और समाज का भविष्य हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से वे महापुरुषों के विचारों, संस्कारों और जीवन मूल्यों से परिचित होते हैं। किसी कार्यक्रम से सीखी गई एक अच्छी बात भी उनके जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकती है।

देह व्यापार का भंडाफोड़, महिला काबू

फतेहाबाद। जिले के टोहाना क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियों और अवैध धंधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने प्रताप कालोनी क्षेत्र स्थित एक मकान पर छापेमारी कर कथित रूप से चल रहे अनैतिक देह व्यापार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से मकान मालकिन को गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी के दौरान मकान मालकिन बबली पत्नी भीरा राम निवासी प्रताप कालोनी, टोहाना के अलावा एक अन्य महिला और एक पुरुष भी मौके पर मौजूद मिले। पुलिस टीम ने सभी से पूछताछ की और घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य जुटाए।

खेती बने लाभकारी, युवाओं को मिले रोजगार के अवसर

भाजपा जन कल्याण मंच ने सातरोड़ कलां में चलाया जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। संबोधित करते भाजपा जन कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष प्रवीण हिन्दू।

भाजपा जन कल्याण मंच हरियाणा की ओर से रविवार को गांव सातरोड़ कलां स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में जनकल्याण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण हिंदू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने ग्रामीणों को संगठन की जनकल्याणकारी नीतियों, सामाजिक सरोकारों और ग्रामीण विकास से जुड़ी प्राथमिकताओं की जानकारी दी। प्रवीण हिंदू ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और जरूरतमंद लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करना है। खेती को लाभकारी बनाना, युवाओं को रोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ना और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना संगठन की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने किसानों को बाजार की मांग के अनुरूप खेती, फसल विविधीकरण और कृषि आधारित लघु उद्योग अपनाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि वर्षा जल संचयन को गांवों और खेतों में बढ़ावा देना समय की मांग है। बरसात के पानी को सुरक्षित करके सूखे के समय उपयोग में लाने से किसानों को लाभ मिल सकता है और भूजल स्तर में सुधार किया जा सकता है प्रवीण हिंदू ने मंच के राष्ट्रीय संरक्षक मयंक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि संगठन जनहितकारी नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रघबीर कौशिक, रामफल कौशिक, पृथ्वी कौशिक, नरेश शर्मा बलियाली, सतपाल कौशिक, मास्टर राजेश भारद्वाज, निहाल सिंह भारद्वाज, सोनू इंदौरा, सत्ते, राजा नंबरदार, राममेहर शर्मा, मोहन शर्मा, कृष्ण इंदौरा, संजय इंदौरा, सुनील कौशिक, प्रदीप कौशिक, सचिन कौशिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पशु चारे में मिलावट की आशंका डीसी से वैज्ञानिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



पशु चारे में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए अब पशुधन और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक जांच की मांग उठी है। एक जागरूक नागरिक ने जिला उपायुक्त को शिकायत देकर रोहतक सहित आसपास की मंडियों में बिक रहे पशु चारे के नमूने मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, रोहतक, सोनीपत, हिसार, सांपला, झज्जर और फर्रुखनगर की मंडियों में बिकने वाले पशु चारे में तरबूज के छिलके के इस्तेमाल की आशंका जताई गई है। शिकायतकर्ता का दावा है कि यह सामग्री 12 से 14 रुपये प्रति किलो में मिलती है, जबकि चारे के रूप में 31 से 40 रुपये प्रति किलो तक बेची जाती है।

तनावमुक्त विद्यार्थी, सकारात्मक माहौल, बेहतर भविष्य

रॉयल स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर क्षमता संवर्धन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



कार्यक्रम में उपस्थित वक्ता व स्कूल प्रबंधन के अधिकारी।

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल, खारा खेड़ी में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तत्वावधान में विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देना विषय पर क्षमता संवर्धन कार्यक्रम (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और मनोवैज्ञानिक कल्याण के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें प्रभावी शिक्षण रणनीतियों से अवगत करवाना था। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन श्रीमती सीमा रानी एवं डॉ. राकेश सहगल ने अपने ज्ञान और अनुभव के माध्यम से शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए तनाव प्रबंधन, भावनात्मक नियंत्रण, आत्मविश्वास बढ़ाने, विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने तथा सकारात्मक एवं सहयोगपूर्ण शैक्षणिक वातावरण विकसित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

शिक्षकों के कौशल विकास से छात्रों का सर्वांगीण विकास

कार्यक्रम में दिए गए बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुए स्मृति-चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या जनुप्रिया कथूरिया, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को शिक्षकों के ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि करने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

समस्त पंजाबी खत्री सभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में लिया महाराजा अरूट धाम निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- मां हिंगलाज मंदिर की स्थापना सहित समाज की एकजुटता और संगठन विस्तार पर हुआ फैसला

समस्त पंजाबी खत्री सभा का राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवेशन मॉडल टाउन में हुआ। अधिवेशन में देशभर से पहुंचे संगठन के प्रतिनिधियों ने समाज की एकजुटता, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों और संगठन के भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान खत्री समाज के लिए महाराजा अरूट धाम के निर्माण तथा उसमें माँ हिंगलाज मंदिर की स्थापना का संकल्प प्रमुखता से सामने आया। अधिवेशन के संयोजक एवं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राम कामरा तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रवीन गुलाटी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सर्वदानंद आर्य ने की, जबकि वार्ड नंबर 17 के निगम पार्षद राजेश अरोड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सर्वदानंद आर्य ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि समाज को धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत और पहचान को सहेजने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

तय समय में रात्रि भत्तों का भुगतान नहीं हुआ तो 31 को हड़ताल करेंगे रोडवेज कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- हिसार डिपो में 35वें दिन भी धरना जारी, 30 की गेट मीटिंग में होगी रूपरेखा तय

हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो में कर्मचारियों के लंबित रात्रि भत्तों के भुगतान सहित अन्य मांगों पर सांझा संघर्ष समिति का धरना 35वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता कर्मवीर मसूदपुर ने की, जबकि मंच संचालन संदीप जैनावास ने किया। धरने पर उपस्थित कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए समिति के वक्ताओं ने बताया कि 12 अक्टूबर को डिपो महाप्रबंधक व डिपो के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सांझा संघर्ष समिति के 15 सूत्रीय मांग पत्र पर बैठक हुई थी। बैठक में कर्मचारियों के लंबे समय से लंबित रात्रि भत्तों का भुगतान 30 अक्टूबर तक उनके बैंक खातों में करवाने का आश्वासन दिया गया था। समिति ने दो टूक कहा कि यदि 30 अक्टूबर तक रात्रि भत्तों का भुगतान नहीं किया गया, तो उसी दिन से हिसार डिपो में रात्रि ठहराव बंद कर दिया जाएगा तथा 31 अक्टूबर को हड़ताल की जाएगी। समिति ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों को बार-बार आश्वासन देने के बजाय उनकी मांगों को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने बताया कि कर्मचारियों की लंबित मांगों और आगामी आंदोलन की रणनीति तय करने के लिए 30 अक्टूबर को हिसार डिपो में गेट मीटिंग की जाएगी।

भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस पर निकली भव्य प्रभात फेरी

हिसार। भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस पूरे विश्व में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में आदि धर्म समाज (आधस) परिवार की ओर से भारत नगर स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर से आसपास के क्षेत्रों में प्रभात फेरी निकली गई। इस मौके पर हिसार के सांसद जय प्रकाश ने ज्योत जलाकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया जिसमें सभी नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी श्रद्धालुओं ने सृष्टिकर्ता वाल्मीकि दयावान के चरणों में पुष्प अर्पित किए। प्रसाद का भोग लगाकर भजनों का गुणगान किया गया। सभी ने एक-दूसरे को गले लगा कर और मिठाइयां खिलाकर प्रकट दिवस की बधाई दी और सृष्टिकर्ता वाल्मीकि दयावान से आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री विष्णु भगवान मंदिर में शरद पूर्णिमा पर खीर वितरण, सत्यनारायण कथा एवं भंडारा

शरद पूर्णिमा की चांदनी में खीर बनती है अमृततुल्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



हांसी। कार्यक्रम में अतिथियों को पटका व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी।

चौपटा बाजार स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में सोमवार को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री विष्णु भगवान मंदिर ट्रस्ट की ओर से खीर वितरण, श्री सत्यनारायण भगवान की कथा एवं भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन पूजा पद्धति से पंडित पुरुषोत्तम जोशी ने किया तत्पश्चात पंडित कैलाश जोशी ने कथा वाचन किया। कथा के दौरान पंडित कैलाश जोशी ने कहा कि शरद पूर्णिमा की रात्रि को चंद्रमा की शीतल चांदनी में खीर रखने की परंपरा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी किरणों को अमृतमयी माना जाता है। इसी आस्था के चलते चांदनी में रखी खीर को अमृततुल्य मानकर अगले दिन प्रातः भगवान को अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है। यह परंपरा सुख-समृद्धि, आरोग्य और जीवन में शीतलता एवं सकारात्मकता की कामना से जुड़ी है। मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल ने बताया कि बताया कि रविवार रात्रि को खीर तैयार कर चंद्रमा की रोशनी में रखी गई, जिसका वितरण सोमवार प्रातःकाल श्रद्धालुओं के बीच किया गया। इसके पश्चात मंदिर में विधि-विधान से पूजन एवं श्री सत्यनारायण भगवान की कथा आयोजित हुई। कार्यक्रम के दौरान भजन गायक वासु जोशी ने अपने भजनों के माध्यम से माहौल को अत्यंत भक्तिमय कर दिया।

भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई। मंदिर सभागार में श्रद्धालुओं ने पंगत में एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से धार्मिक आस्था, सेवा एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। मंदिर ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट प्रबंधक रतन कुमार शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, अनिल जोगी, पूर्व प्राचार्य जयभगवान, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी, विक्रम चौपड़ा, प्रवीण सहारा, भीम राजौरा, संजय जैन, बिमला शर्मा, मधु बंसल, पुष्पा शर्मा, ज्योति शर्मा, कविता शर्मा, गंगा देवी, स्नेहलता जैन, सुनीता देवी, दर्शना सिंगला, बबीता सोनी, शांति जोशी सहित काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

नगर निगम की हाउस बैठक आज

हिसार। नगर निगम की हाउस बैठक मंगलवार को निगम सभागार में होगी। मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में पार्षदों द्वारा रखे गए विभिन्न एजेंडों पर चर्चा होगी। सुबह 10 बजे होने वाली बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

संदीप जाखड़ ने 400 मीटर में जीता गोल्ड

बरवाला। जापान में आयोजित पैरा एशियाई पैरा गेम्स में गांव भैणी बादशाहपुर निवासी संदीप जाखड़ ने 400 मीटर टी 64 स्पर्धा में 52.28 सेकंड का समय लेकर गोल्ड मेडल जीतकर विश्व रिकार्ड बनाने का काम किया है। इसके अलावा 100 मीटर रेस में ब्रांच मेडल भी जीता है। हरियाणा स्टाफ सलेक्शन कमीशन के सदस्य साधु राम जाखड़ ने कहा कि संदीप जाखड़ द्वारा गोल्ड मेडल जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाना बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह पूरे गांव, जिला, राज्य व देश के लिए बड़े गर्व की बात है। विश्व रिकार्ड बनाने वाले गोल्ड मेडल विजेता संदीप जाखड़ पर गर्व है। गोल्ड मेडल विजेता संदीप जाखड़ के आगमन पर उसका भव्य स्वागत किया जाएगा।

मदद संस्था के अध्यक्ष के भाई अनिल देव का निधन

हिसार। सामाजिक संस्था मदद के अध्यक्ष संजीव भोजराज के बड़े भाई 37 वर्षीय अनिल देव का



सोमवार सुबह हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 10 बजे उनके पैतृक गांव भोजराज में किया जाएगा। उनके असामयिक निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। अनिल देव विवाहित थे और अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गए हैं। इतनी कम उम्र में उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनके निधन पर शहर के विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

पुलिस ने भटके हुए दो बच्चों को परिजनों को सौंपा

हिसार। पुलिस की सतर्कता और मानवीय दृष्टिकोण का एक सराहनीय मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले हॉस्टल की छुट्टी के बाद बस छूट जाने के कारण दो बच्चे समय पर अपने घर नहीं पहुंच पाए और रास्ते में भटक गए। रात के समय असुरक्षित महसूस कर रहे बच्चों को सिटी थाना क्षेत्र की निवासी श्रीमती निर्मला देवी का सहारा मिला। उन्होंने पूरी रात अपने बच्चों की तरह उनकी देखभाल की, उन्हें खाना खिलाया और सुरक्षित रखा। अगली सुबह बच्चों की माता ने थाना क्षेत्र में पहुंचकर पूरी स्थिति की जानकारी दी। पुलिस की मदद और सूझबूझ से दोनों बच्चों को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चों के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। बच्चों की माता ने श्रीमती निर्मला देवी और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

श्री रामा ड्रामाटिक क्लब की बैठक में रामलीला मंचन पर किया विचार-विमर्श

हांसी। हरियाणा की प्रसिद्ध रामलीला कमेटी श्री रामा ड्रामाटिक क्लब से जुड़े कलाकारों की बैठक मंडी सैनियान स्थित धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में रामलीला मंचन के प्रति युवा वर्ग की बढ़ती रुचि पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। बैठक में भविष्य में व्यापक एवं परंपरागत रूप से मंच पर ड्रामा प्रस्तुतियों और रामलीला के आयोजन की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों एवं कलाकारों की अगली बैठक 31 अक्टूबर शनिवार को होगी।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं समतामूलक समाज के निर्माण का आधार : रणबीर गंगवा

- वाल्मीकि जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं समतामूलक, संस्कारवान एवं सशक्त समाज के निर्माण का आधार हैं। महाकाव्य रामायण के माध्यम से उन्होंने समाज को आदर्श जीवन, रिश्तों की मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं जाति, वर्ण और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता, समानता और परस्पर सम्मान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर ही न्याय, समानता और सामाजिक सद्भाव पर आधारित समाज का निर्माण किया जा सकता है। कैबिनेट मंत्री सोमवार को लघु सचिवालय के जिला सभागार में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। रणबीर गंगवा ने कहा कि भारत ऋषि-मुनियों, संतों और महापुरुषों की धरती है। महर्षि वाल्मीकि जी का साहित्य एवं जीवन दर्शन भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो पीढ़ियों को सत्य, मर्यादा, मानवता और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

वाल्मीकि की शिक्षाओं पर डाला प्रकाश

आबकारी एवं कराधान विभाग के संयुक्त निदेशक कृष्ण कुमार ने महर्षि वाल्मीकि जी की रचनाओं एवं शिक्षाओं की सरल शब्दों में व्याख्या की। उन्होंने वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन शिक्षाओं को जीवन में अपनाना सामाजिक सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर समाजसेवी जगदीश जिंदल, अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, बीडीसी चेयरमैन अजय गावड़, नगराधीश रोहित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, डीईटीसी तरुणा लांबा, सफाई कर्मचारी संगठन के प्रदेश सचिव राकेश कुमार, पार्षद जगमोहन मित्तल, कर्मवीर सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्श अपनाकर बनेगा समरस समाज : रणधीर पनिहार

कार्यक्रम में नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं हमें आपसी भेदभाव से ऊपर उठकर भाईचारे, सद्भाव और परस्पर सम्मान के साथ रहने की प्रेरणा देती हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर ही सशक्त, समरस और संस्कारवान समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर उपलब्ध करवाने और जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने से ही सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त हरियाणा का निर्माण संभव है। उन्होंने नागरिकों से महर्षि वाल्मीकि जी के विचारों को अपने आचरण में उतारने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

दूध अमृत भी और जहर भी : डॉ. गोपाल शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अग्रसेन भवन ट्रस्ट की ओर से आयोजित स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला के चौथे दिन बदरी नारायण सेवाग्राम, मेरठ से आये डॉ. गोपाल शास्त्री ने साधकों को बताया कि समाज में दूध के प्रति अनेक भ्रांतियां है। कुछ इसे बहुत अच्छा मानते हैं तो कुछ इसे स्वास्थ्य के लिये बहुत खराब मानते हैं परंतु सत्य यह है कि कोई भी वस्तु कब, कितनी, कैसे उपयोग की जा रही है, उसकी गुणवत्ता, गुणधर्म पर निर्भर करता है। धरती पर अगर अमृत है तो किसी ने उसे देखा नहीं है परंतु एक शिशु के लिये उसकी मां का दूध ही अमृत समान है। इसी दूध से बच्चों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक सभी प्रकार का विकास तेजी से होता है परंतु अगर मां का स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो उस मां का दूध भी बच्चे की शारीरिक व मानसिक बिमारियों का कारण बन सकता है। मां क्या खा रही है, दूध की गुणवत्ता बहुत कुछ इस बात पर भी निर्भर है। मां उत्तम प्रकृति प्रदत पौष्टिक खाद्य पदार्थ का सेवन करेगी तो दूध भी उत्तम गुणों वाला होगा। इसके विपरीत सड़े-गले फास्ट फूड से निर्मित दूध रोगों का जनक होगा, इसी प्रकार गाय, भैंस या अन्य जानवर के दूध पर भी यही नियम लागू होगा। डॉ. गोपाल शास्त्री ने अनेक साधकों द्वारा स्वास्थ्य सम्बंधी पूछ गये प्रश्नों का जवाब भी दिया। इस अवसर पर विनय शर्मा, सुनील मेहता, हरीश जैन, दुलीचंद यादव, दयानंद रहेजा, देवदत, पवन गोयल, बलवंत सिंह यादव, रवि कौशिक, प्रवीन वर्मा, ब्रह्म हंस करनाल, सीमा मेहता, शोभा रानी, देवकी सहित सैंकड़ों साधक उपस्थित रहे।



हिसार। अग्रसेन भवन में आयोजित स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला में उपस्थित साधकों को संबोधित करते डॉ. गोपाल शास्त्री।

!!!!

इससे पूर्व प्रयोगशाला में साधक डॉ. विशाल शर्मा व सत्यनारायण शर्मा एडवोकेट ने अपने संबोधन में मानसिक शांति एवं आनंद की प्राप्ति के लिये प्रत्येक मनुष्य को ध्यान लगाना चाहिये। प्रयोगशाला के दौरान ही साधकों को प्रकृति की रसोई से खानपान दिया जा रहा है। सत्र के दौरान स्वास्थ्य लाभ ले रहे साधक अपना अनुभव भी बता रहे हैं।

स्क्वैश अकादमी का राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन

- जयपुर में आयोजित सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम
- कई खिलाड़ियों को टॉप-5, टॉप-20 और टॉप-30 में मिली रैंकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा स्क्वैश अकादमी, हिसार के खिलाड़ियों ने जयपुर में आयोजित सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अकादमी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

अकादमी के सभी 16 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अखिल भारतीय रैंकिंग में टॉप-50 में स्थान हासिल किया। अकादमी के अनुसार, कई खिलाड़ियों ने टॉप-40, टॉप-30, टॉप-20 और यहां तक कि टॉप-5 में भी जगह बनाई है। अकादमी ने इस उपलब्धि को अपनी मेहनत, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और खिलाड़ियों के समर्पण का परिणाम बताया है। अकादमी के अनुसार, एक ही राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले सभी 16 खिलाड़ियों का अखिल भारतीय रैंकिंग में टॉप-50 में स्थान बनाना संस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अकादमी प्रबंधन ने प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के साथ रहकर उनका मार्गदर्शन करने और उनका उत्साह बढ़ाने वाले टीम अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। टीम अधिकारियों के सहयोग और मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। हरियाणा स्क्वैश अकादमी, हिसार ने इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों, कोचिंग टीम और सहयोगियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि अकादमी के खिलाड़ी भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे।



हिसार। प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

प्रतिभा को सराहा

इस सफलता का श्रेय अकादमी के संस्थापक एवं मुख्य कोच डॉ. यशवंत सिंह के समर्पित प्रयासों को दिया गया है। वे हरियाणा और विशेषकर हिसार में स्क्वैश खेल को बढ़ावा देने तथा युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ी नियमित प्रशिक्षण लेकर अपनी तकनीक, फिटनेस और खेल कौशल को लगातार निखार रहे हैं।

सरकारी अस्पतालों में डिजिटल ओपीडी व्यवस्था मरीजों के लिए बड़ी राहत : सुरेश गोयल

- घर बैठे मोबाइल से ओपीडी पंजीकरण की सुविधा से बचेगा समय, लंबी कतारों से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुरेश गोयल धूप वाला ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी पंजीकरण और शुल्क जमा करने की डिजिटल सुविधा शुरू किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने इसे मरीजों के हित में दूरदर्शी, सराहनीय और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने वाला निर्णय बताया। सुरेश गोयल धूप वाला ने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से प्रदेश के नागरिक घर बैठे अपने मोबाइल फोन से मात्र एक मिनट में ओपीडी पंजीकरण कर सकेंगे तथा आवश्यक शुल्क भी ऑनलाइन जमा कर पाएंगे। इससे सरकारी अस्पतालों में पर्ची बनवाने के लिए लगने वाली लंबी कतारों से राहत मिलेगी और मरीजों व उनके परिजनों का बहुमूल्य समय बचेगा। उन्होंने कहा कि अब तक सरकारी अस्पतालों में ओपीडी की पर्ची बनवाने के लिए मरीजों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता था। विशेषकर बुजुर्गों और गंभीर रूप से बीमार मरीजों को लंबी प्रतीक्षा के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार असुविधा के चलते मरीज निजी अस्पतालों का रुख करने को मजबूर हो जाते थे। नई डिजिटल व्यवस्था से इस समस्या को कम करने में मदद मिलेगी और मरीजों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अधिक सुविधाजनक होगी। भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश के सभी 23 जिलों में यह सुविधा लागू होने से लाखों नागरिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

पंजीकरण करवाकर उठाएं लाभ



सुरेश गोयल धूप वाला ने कहा कि हालांकि प्रत्येक व्यक्ति के पास स्मार्टफोन या इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है, लेकिन ऐसे लोग अपने परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों अथवा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की सहायता से भी पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल सुविधाओं के साथ-साथ उन लोगों की सहायता के लिए भी उचित व्यवस्था होनी चाहिए, जो तकनीक का उपयोग करने में असमर्थ हैं, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।



नारनौंद। मिर्चपुर में ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान जारी, मिर्चपुर में डोर-टू-डोर सर्वे कर नशे से पीड़ित लोगों की पहचान की

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

नशे पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नशा तस्करों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ-साथ पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और शहरों में जाकर आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस टीम युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित कर रही है। अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत मुख्य सिपाही सतीश कुमार ने गांव मिर्चपुर में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। पुलिस टीम द्वारा गांव में डोर-टू-डोर सर्वे कर नशे से पीड़ित लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध करवाने में मदद मिल सके। पुलिस द्वारा नशे से पीड़ित लोगों को उपचार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

न्यायालय के आदेशों के बावजूद अतिथि अध्यापकों को नियमित नहीं करना सरकार की तानाशाही : प्रभु सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने सरकार की संवेदनहीनता और तानाशाहीपूर्ण रवैये के विरोध में हिसार जिले के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के प्रतिनिधि, विधायक रणधीर पनिहार तथा सावित्री जिंदल और चंद्र प्रकाश के प्रतिनिधियों को उनके कैंप कार्यालयों एवं आवास पर जाकर ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापन के माध्यम से अतिथि अध्यापकों को शीघ्र नियमित करने की मांग उठाई गई। संगठन के राज्य प्रधान प्रभु सिंह, राज्य ऑर्डिटर पवन कुमार, जिला सचिव विनोद कुमार, अतिथि अध्यापक संघ की सचिव रेखा रानी और जिला प्रधान ईश्वर सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 16 जून और 18 जून 2014 को बनाई गई तीन वर्ष की नियमितीकरण नीति को सही ठहराया था। इसके बाद 29 अप्रैल 2026 को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने भी वर्ष 2014 की नीति पर अपनी मुहर लगा दी थी। इसके बाद 25 जून 2026 को उच्च न्यायालय ने एक और फैसला सुनाते हुए सभी अतिथि अध्यापकों को वर्ष 2014 से सभी सुविधाएं देते हुए नियमित करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि इन फैसलों के बावजूद सरकार ने उच्च न्यायालय की डबल बेंच में एलपीए दाखिल कर फैसले के खिलाफ अपील की। इसमें भी सरकार को निराशा हाथ लगी और फैसला अतिथि अध्यापकों के पक्ष में आया। न्यायालय ने दो महीने के भीतर नियमितीकरण करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों से स्पष्ट होता है कि सरकार अतिथि अध्यापकों को नियमित नहीं करना चाहती। इस अवसर पर महिला अतिथि अध्यापकों में रेखा रानी, बबीता, नविता, विनीता, सीमा रानी, मुकेश, नीलम रानी, कृष्णा और सुमन सहित अन्य अध्यापिकाएं मौजूद रहीं, वहीं रण सिंह, कृष्ण कुमार, रामकिशन, राजेंद्र सिंह और बिजेंद्र सिंह सहित कई अध्यापकों ने भी भाग लिया।



हिसार। मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर ज्ञापन सौंपते संगठन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



नारनौंद। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

हनुमान मंदिर में हवन यज्ञ करके निकाली सुन्दर झाकियां

नारनौंद। शहर के हनुमान मंदिर कमेटी द्वारा हवन यज्ञ करवा कर सुंदर झांकियां निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हवन यज्ञ करके विशाल भंडारा लगाया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर की कमेटी के प्रधान पदम सेन और नरेश वर्मा ने बताया कि हनुमान मंदिर में समय-समय पर हवन यज्ञ करके भंडारा लगाया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। सोमवार को सबसे पहले हवन यज्ञ किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर शांति की प्रार्थना की। उसके बाद सुंदर झांकियां निकाली गई जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने झूमते हुए भजन, गीत कर माहौल को संगीतमय बना दिया। इस अवसर पर नरेश वर्मा, नपा चेयरमैन शमशेर कुकन, सज्जन जांगड़ा, पूर्व चेयरमैन शमशेर सैनी, कुलदीप गौतम, नीलम जांगड़ा, अनिल दुहन, अमित यादव, सोमा बत्रा, नानू सैनी, कर्मवीर भट्ट आदि विशेष तौर पर मौजूद थे।

कार्यक्रम गुजरात और बड़े शहरों में होने वाले डांडिया आयोजनों की उकलाना में दिखी झलक

महिलाओं के नृत्य और पुरुषों की पुश-अप प्रतियोगिता रही आकर्षण का केंद्र, डांडिया महोत्सव में झूमे उकलाना वासी

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना

लायंस क्लब उकलाना एवं श्री बालाजी ड्रामाटिक क्लब की ओर से आयोजित डांडिया महोत्सव में उकलाना वासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे महिला-पुरुषों ने डांडिया नृत्य के साथ-साथ भजनों पर झूमकर धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक एकता का संदेश दिया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कार्यक्रम में पहुंचे और आयोजन का हिस्सा बने। र्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि उकलाना जैसे शहर में इस प्रकार का भव्य सांस्कृतिक आयोजन होना क्षेत्रवासियों के लिए खुशी और सौभाग्य की बात है। पउन्होंने कहा कि लायंस क्लब उकलाना एवं श्री बालाजी ड्रामाटिक क्लब ने मिलकर अच्छी पहल की है, जिसके लिए दोनों संस्थाएं बधाई की पात्र हैं। इस अवसर पर लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय गांधी, सेकंड गवर्नर पुनीत बंसल, श्री बालाजी ड्रामाटिक क्लब के प्रधान अशोक गोयल बिंटा संरक्षक अशोक गर्ग, हरीश गर्ग, नरेश अग्रवाल, रतन सिंह लोटा, अंकित जैन, राजेश सिंगला, धर्मजीत कुनर, सतवंत सिंह लोटा, मनोज जुनेजा, बजरंग सिंगला, जतिन जैन, सतबीर सोनी, प्रोजेक्ट चेयरमैन साहिल भुटानी, नितिन जैन, सतीश भारती, तिनिश भुटानी, अमित गोयल, मुकेश गोयल, विक्की बवेजा, पवन सिंगला, रामकुमार गोयल, कुश जुनेजा राजू ठेठी राजीव सेठी तथा पूर्व मनोनीत पार्षद डॉ. शम्मी नागपाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।श्री बालाजी ड्रामाटिक क्लब के प्रधान अशोक गोयल बिनतानी ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों का धर्म और संस्कृति के प्रति प्रेम तथा आयोजन के प्रति सहयोग सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जब समाज के लोग मिलकर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, तो इससे नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं को समझने और उनसे जुड़ने का अवसर मिलता है।



उकलाना। डांडिया महोत्सव में हिस्सा लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

महिलाओं और पुरुषों के लिए हुई प्रतियोगिताएं

डांडिया महोत्सव में एंकर एपी कौर ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से कार्यक्रम में उत्साह बनाए रखा। उन्होंने अपनी एंकरिंग और भजनों के माध्यम से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। धार्मिक भजनों और संगीत के बीच लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उल्लासपूर्ण माहौल बना रहा। आयोजन के दौरान महिलाओं के लिए नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और नृत्य कला का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं पुरुषों के लिए पुश-अप प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता और दमखम का प्रदर्शन किया।